आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 24.08.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के थराली में आपदा से क्षतिग्रस्त मकानों के प्रभावितों और मृतकों को पांच–पांच लाख रुपए का तत्काल मुआवजा देने के निर्देश दिए।
- थराली में राहत और बचाव अभियान जारी; आपदा प्रभावित क्षेत्र में बिजली और मोबाइल कनेक्टीविटी बहाल।
- भारतीय डाक विभाग, अमरीका के शुल्क नियमों में बदलाव के कारण 25 अगस्त से अमरीका के लिए अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित करेगा।
- देहरादून के हिमाद्री आइस रिंक, रायपुर में आयोजित एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2025 संपन्न, भारत ने जीते 4 स्वर्ण पदक।

<u>त्वरित सहायता निर्देश</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के थराली में आपदा राहत कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभावितों को तुरंत सहायता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त मकानों के लिए प्रभावितों को 5 लाख रुपए की सहायता राशि और मृतकों के परिजनों को भी 5 लाख रुपए का मुआवजा तत्काल दिया जाए।

राज्य आपदा परिचालन केंद्र देहरादून से राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने थराली में बेघर हुए लोगों के लिए अस्थायी व्यवस्था तथा पुनर्वास कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहत सामग्री समय पर और पूरी उपलब्ध कराई जाए तथा उसकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। अगले दो दिन के लिए जारी ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को पूरी तैयारी रखने और आपदा प्रबंधन सामग्री संवेदनशील स्थानों पर रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने हाल ही में उत्तरकाशी के धराली और पौड़ी जिले के सैजी सहित अन्य क्षेत्रों में आई आपदाओं के पैटर्न का अध्ययन करने के लिए विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों की एक कमेटी गठित कर रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए।

<u>राहत व बचाव</u>

चमोली जिले के थराली तहसील क्षेत्र में अतिवृष्टि के बाद 150 से अधिक प्रभावित लोगों को राहत शिविरों में ठहराया गया है।

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि 10 से 12 घरों में अत्यधिक मलबा भर गया है और करीब 25 घर आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में बिजली और मोबाइल कनेक्टिविटी बहाल कर दी गई है। अस्पतालों में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। अगर बारिश नहीं होती है तो स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी।

<u>स्वास्थ्य सेवा</u>

थराली आपदा के बाद प्रदेश सरकार ने राहत और बचाव कार्यों को तेज कर स्वास्थ्य सेवाओं को अलर्ट पर रखा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि विभाग की टीम ने तेजी से घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों का उपचार किया और मानसिक रूप से आहत लोगों की काउंसलिंग भी की। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त चिकित्सक दल और संसाधन भेजे जाएंगे।

डॉक्टर कुमार ने बताया कि आपदा के कारण गंभीर रूप से घायल छह लोगों को हेलीकॉप्टर से एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है, जबकि दो दर्जन से अधिक घायलों का मौके पर ही उपचार किया गया। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा इकाइयों को उच्च सतर्कता पर रखा गया है और राहत कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी।

<u>कैलाश मानसरोवर यात्रा संपन्न</u>

कैलाश मानसरोवर यात्रा का पांचवां और अंतिम दल कल पिथौरागढ़ के धारचूला से चौकोड़ी पहुंचा। दल ने कुमाऊं मंडल विकास निगम—केएमवीएन, चौकोड़ी में रात्रि विश्राम किया। अब यह दल अल्मोड़ा से होते हुए दिल्ली रवाना होगा।

अब तक पिथौरागढ़ से होकर कुल पांच दल गुजर चुके हैं, जिनमें 237 यात्री शामिल रहे। इनमें 171 पुरुष और 66 महिलाएं थीं।

यात्रा के सुरक्षित और सफल संचालन में जिला प्रशासन, केएमवीएन, आईटीबीपी और बाआरओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। केएमवीएन के प्रबंध निदेशक विनीत तोमर ने सभी सहयोगी संस्थाओं और अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनौतियों और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद सभी यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की गई।

एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग

देहरादून के हिमाद्री आइस रिंक, रायपुर में आयोजित एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2025 संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में एशिया के 11 देशों से 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। थाईलैंड ने चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। भारत के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण सहित कई पदक हासिल किए।

समापन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत में पहली बार आयोजित हुई इस शीतकालीन खेल प्रतियोगिता से देश में खेलों का नया युग शुरू होगा। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में 517 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक स्टेडियम और लगभग 100 करोड़ रुपये के खेल उपकरण लाकर विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना विकसित की गई है। इसी का परिणाम है कि राज्य अब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का केंद्र बन रहा है।

श्री धामी ने कहा कि सरकार स्पोर्ट्स लीगेसी प्लान के तहत 8 शहरों में 23 खेल अकादमियां स्थापित करेगी। राज्य में पहला खेल विश्वविद्यालय और महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से काम हो रहा है। नई खेल नीति के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी दी जा रही है।

निलंबन

संचार मंत्रालय के अधीन डाक विभाग ने 25 अगस्त से अमरीका जाने वाली सभी डाक वस्तुओं की आपूर्ति अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय अमरीका सरकार के एक कार्यकारी आदेश के बाद आया है। इसमें इस महीने की 29 तारीख से 800 डॉलर तक मूल्य की वस्तुओं पर शुल्क पर छूट वापस ले ली जाएगी। संचार मंत्रालय ने कहा है कि अमरीका जाने वाली सभी अंतर्राष्ट्रीय डाक वस्तुएं, चाहे उनका मूल्य कुछ भी हो सीमा शुल्क के अधीन होंगी। हालाँकि 100 डॉलर तक की उपहार वस्तुएं शुल्क से मुक्त रहेंगी।

बैठक / समीक्षा

प्रदेश के संस्कृत शिक्षा, जनगणना एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के सचिव दीपक कुमार ने नैनीताल जिले के भीमताल स्थित विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंचाना प्राथमिकता में होना चाहिए। इसके लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जनजागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं और योजनाओं को तय समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को वार्षिक कार्ययोजना समय से पूर्व तैयार करने, क्षेत्रीय भ्रमण बढ़ाने और शिकायतों का मौके पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर जिले में 17 नई सस्ता राशन की दुकानें खोली गई हैं। इसके साथ ही 12 अतिरिक्त दुकानों के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। नई खोली गई दुकानों के विक्रेताओं को जिला पूर्ति कार्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली की कार्यप्रणाली, उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराने, डिजिटल वितरण प्रणाली, ई–पॉस मशीनों के प्रयोग और पारदर्शिता बनाए रखने की जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने विक्रेताओं को समय पर खाद्यान्न वितरण, शिकायत निवारण और दुकान संचालन से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण का उद्देश्य विक्रेताओं को पारदर्शी और जिम्मेदार तरीके से कार्य करने के लिए तैयार करना था, ताकि आमजन को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

चमोली जिले के थराली में बादल फटने की खबर सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है... हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– थराली में मलबे से मची तबाही, घर–बाजार बर्बाद, वाहन भी दबे। इसी खबर पर अमर उजाला लिखता है– आपदा से 90 परिवार प्रभावित, 400 लोग सुरक्षित स्थानों पर भेजे। वहीं दैनिक जागरण की सुर्खी है– आपदा प्रभावितों का दर्द जानने आज थराली जाएंगे सीएम धामी।

ओएनजीसी के जनरल मैनेजर से 7 करोड़ 40 लाख की साइबर ठगी, हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है। समाचार पत्र के अनुसार ओएनसीजी त्रिपुरा में जीएम पद पर तैनात दून निवासी अधिकारी से शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर ठगी को दिया़ गया अंजाम।

उत्तराखंड में एक लाख युवा बनेंगे स्काउट्स एंड गाइड्स– इस शीर्षक के साथ अमर उजाला खबर में लिखता है– शिक्षा मंत्री ने कहा प्रदेशभर के स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों में चलेगा विशेष पंजीकरण अभियान।

राज्य आंदोलनकारियों को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास– दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– डबल पेंशन और सरकारी क्षेत्र में कार्यरत आंदोलनकारियों के बच्चों को आश्रित बनाए जाने पर चल रहा कार्य।